झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

16 Sept 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

# R.N.S ACADEMY

## 16 सितंबर का इतिहास

- **1893 :** विजयी विश्व ध्वज प्रिय की रचियता श्यामलाल गुप्त पार्षद का जन्म हुआ।
- **2008 :** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों को ट्रेडमार्क पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **2009 :** दुनिया भर में भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।
- **1882 :** स्वतंत्रता सेनानी बलवंत सिंह का जन्म हुआ।

## 16 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना का शुभारंभ केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। वह मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और प्रसंस्करण क्लस्टरों पर मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना और मानक संचालन प्रक्रिया दोनों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की चौथी वर्षगांठ पर जारी किया जाएगा। पीएमएमएसवाई कार्यक्रम की चौथी वर्षगांठ के जश्न के दौरान प्रमुख गतिविधि वितीय वर्ष 2024-2025 के दौरान पीएमएमएसवाई के तहत शुरू की गई राष्ट्रीय प्राथमिकता वाली परियोजनाएं होंगी।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पीसीएएफ में शामिल होकर अपने वितपोषित उत्सर्जन को ट्रैक करने और नियंत्रित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। आरबीआई द्वारा हाल ही में जारी किए गए जलवायु संबंधी वितीय जोखिमों पर प्रकटीकरण रूपरेखा, 2024 पर मसौदा नियम वितपोषित उत्सर्जन की निगरानी के महत्व पर जोर देते हैं। आरबीआई के प्रस्तावित नियम भारतीय बैंकों की जलवायु जोखिम रिपोर्टिंग आवश्यकताओं की दिशा में बदलाव का संकेत देते हैं।
- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्य में संभागों, जिलों और तहसीलों की नई सीमांकन रेखाएं खीचने के लिए परिसीमन आयोग का गठन किया गया। सरकार का कहना है कि जनता की सुविधा के लिए जिलों और संभागों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जा रहा हैं। आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव करेंगे। नागरिक भी इस आयोग को सुझाव दे सकते हैं। राज्य का क्षेत्रफल बड़ा है लेकिन जिलों और संभागों की सीमाओं के कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।
- केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरने रिजिजू ने छह पहलों/पोर्टलों का उद्घाटन किया। 100 दिनों की उपलब्धियों के भाग के रूप में राष्ट्रीय ई विधान एप्लीकेशन 2.0 अधीनस्थ विधान, सलाहकार समिति, एनवाईपीएस पोर्टल और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय से संबंधित छह पहलों/पोर्टलों का उद्घाटन किया गया। संसदीय कार्य मंत्रालय की 100 दिवसीय उपलब्धियों के भाग के रूप में विभिन्न पहलों/पोर्टलों को लॉन्च करने के लिए संसद एनेक्स नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के अपने विजन का अनावरण किया। यह शहर 200 एकड़ में फैला होगा। अत्याधुनिक एआई सिटी एआई इकोसिस्टम के लिए एक जीवंत केंद्र के रूप में काम करेगी। यह एआई शोध और सहयोग नेटवर्क, अग्रणी विश्वविद्यालयों, वैश्विक निगमों और अभिनव स्टार्टअप द्वारा समर्थित एआई सलाहकार परिषद की मेजबानी करेगा। एआई सिटी सहयोग के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करेगी
- गुजरात राज्य परिवर्तन संस्थान की स्थापना मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में की गई है। यह नीति आयोग की तर्ज पर नीति थिंक टैंक के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ग्रिट के अध्यक्ष होंगे, जबकि वित मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। 10 सदस्यीय कार्यकारी समिति ग्रिट के दिन प्रतिदिन के कार्यो की देखरेख करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग योजना प्रभाग द्वारा ग्रिट के गठन और इसके दायरे से संबंधित प्रस्ताव प्रकाशित किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वतः बहिष्करण मानदंड को सरकार द्वारा संशोधित किया गया हैं। दोपहिया वाहन, मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नाव, रेफ्रिजरेटर और लैंडलाइन फोन के मालिक और 15000 रूपये प्रति माह तक कमाने वाले परिवार अब ग्रामीण आवास योजना का लाभ उठा सकते हैं। मोटर चालित तीन या चार पहिया वाहन के मालिक, मशीनीकृत तीन या चार पहिया कृषि उपकरण के मालिक या 50,000 रूपये या उससे अधिक की क्रेडिट सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड के व्यक्ति को पीएमएवाई जी के स्वतः बहिष्करण के अंतर्गत माना जाता है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में एशियाई राज गिद्धों के लिए भारत के पहले संरक्षण और प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया। जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र का उद्देश्य इस प्रजाति की आबादी में सुधार करना है, जिसे 2007 से अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की लाल सूची में गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया हैं। देश में अन्य गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केंद्रों में लंबी चोंच वाले ओर सफेद पीठ वाले गिद्धों को रखा जाता है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व ओजोन दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 17 सितंबर (D) 18 सितंबर


**(B)** विश्व ओजोन दिवस हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1994 से विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है, जिसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। यह दिन लोगों को ओजोन परत के क्षरण के बारे में याद दिलाता है और इसे संरक्षित करने के उपाय खोजने के लिए प्रेरित करता है।




**2. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा 2024 के आम सत्र को भारत की और से कौन संबोधित करेगा ?**

(A) राजनाथ सिंह (B) अश्विनी वैष्णव
(C) नरेंद्र मोदी (D) एस जयशंकर


**(D)** संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में वार्षिक बहस को संबोधित नही करेंगे, उनके स्थान पर विदेश मंत्री एस जयशंकर आम सभा को संबोधित करेंगे। इस साल 79वें यूएनजीए सत्र की आम बहस 24 से 30 सितंबर तक रहेंगी।



**3. हाल ही में किस राज्य में संभागों, जिलों ओर तहसीलों का नए सिरे से सीमांकन किया जाएगा ?**

(A) गुजरात (B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्यप्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(C)** हाल ही में मध्यप्रदेश में संभागो, जिलों ओर तहसीलों का नए सिरे से सीमांकन किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन कर दिया है। सरकार का कहना है कि जन सामान्य की सुविधा और बेहतरी के उद्देश्य से जिले और संभाग की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जा रहा हैं। यह काम अक्टूबर के अंत तक शुरू होने की संभावना हैं।



**4. हाल ही में ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म किसने लॉन्च किया है ?**

(A) पीयूष गोयल (B) अमित शाह
(C) राजनाथ सिंह (D) सर्बानंद सोनोवाल

**(A)** हाल ही में ट्रेड कनेक्ट ई प्लेटफॉर्म भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और उद्यमियों को समर्थन देने के लिए लॉन्च किया गया हैं। यह प्लेटफॉर्म भारतीय व्यवसायों और प्रमुख हितधारकों को जोड़ेगा, जिनमें विदेश में भारतीय मिशन, निर्यात संवर्धन और भागीदार सरकारी एजेंसियां शामिल हैं। यह वैश्विक व्यापार घटनाओं, भारत के मुक्त व्यापार समझौतों से लाभ और अन्य प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार डेटा पर जानकारी प्रदान करेगा।




**5. हाल ही में सरकार द्वारा कितनी आधिकारिक भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्दों वाली एक वेबसाइट लॉन्च की गई ?**

(A) 10 (B) 14
(C) 20 (D) 22

**(D)** हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग ने एक अनूठी वेबसाइट शुरू की है, जो सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्द उपलब्ध कराती हैं। वेब पोर्टल shabd.education.gov.in का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के लिए तैयार सभी शब्दावलियों का केंद्रीय भंडार बनना हैं।

**6. हाल ही में कौन भारत की पहली एशियाई स्कूली छात्र चैंपियन बनी है ?**



(A) जिया राज (B) पायल छाबड़ा

(C) दीपाली थापा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में युवा मुक्केबाज दीपाली थापा ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डबे को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंकों पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनी।

**7. हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने किस शहर में एक तंबाकू निवारण क्लिनिक का उद्धघाटन किया है ?**




(A) इंदौर (B) नई दिल्ली

(C) जबलपुर (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने नई दिल्ली में एक समर्पित तंबाकू निवारण क्लिनिक (टीसीसी) का उद्धघाटन किया है। तंबाकू निवारण क्लिनिक नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर और संस्थान के पल्मोनरी, क्रिटिकल और स्लीप मेडिसिन विभाग के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास हैं।

**8. हाल ही में किस राज्य में गंभीर रूप से लुप्तप्राय कछुआ प्रजाति को देखा गया है?**



(A) ओडिशा (B) कर्नाटक

(C) पंजाब (D) हरियाणा

**(D)** हाल ही में हरियाणा के दमदमा क्षेत्र में एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय लंबाकार कछुआ प्रजाति को देखा गया है। अरावली में एक शोध सर्वेक्षण के दौरान, हरियाणा के दमदार क्षेत्र में एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय कछुआ प्रजाति को देखा गया हैं। कछुआ मध्यम आकार का है, जिसका खोल पीले भूरे या जैतून के रंग का हैं तथा बीच में स्पष्ट काले धब्बे हैं।

**9. हाल ही में कौन 101वें सदस्य के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुआ है ?**



(A) मोरक्को (B) वियतनाम

(C) नेपाल (D) भूटान

**(C)** हाल ही में नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का पूर्ण सदस्य बनने वाला 101 वां देश हो गया हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नई दिल्ली में नेपाल की ओर से इसके अनुमोदन संबंधी दस्तावेज दिए गए। नेपाली दूतावास के प्रभारी अधिकारी डॉ. सुरेंद्र थापा और विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह की बैठक के दौरान इस सिलसिले में दस्तावेज का आदान प्रदान किया गया।

**10. हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?**



(A) अमित शाह (B) राजनाथ सिंह

(C) पीयूष गोयल (D) अश्विनी वैष्णव

**(A)** हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को सर्वसम्मति से संसदीय राजभाषा समिति का पुनः अध्यक्ष चुना गया है। नई सरकार के गठन के बाद संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए नई दिल्ली में समिति की बैठक हुई थी जहां गृहमंत्री को अध्यक्ष चुना गया।